रा०महाविद्यालय किच्छा(ऊ०सि०न०)
प्राप्त पत्र का दि० 07-08-25
प्राप्त पत्र की संख्या 60
विषय FYUP प्रवेश
पत्रावली सन्दर्भ

संयोजक
प्रवेश समिति
आ० क० करें।

कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।

अधिसूचना

कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल की दिनांक 04–8–2025 को आयोजित विद्या परिषद् की बैठक में सर्व सम्मति से लिये गये निर्णय के अनुपालन में सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कुमाऊँ विश्वविद्यालय के परिसरों एवं महाविद्यालयों में इच्छुक अभ्यर्थियों हेतु Four Year Undergraduate Programme (FYUP) में प्रवेश निम्न प्रतिबन्धों के साथ अनुमन्य किये जाते हैं।

1– अभ्यर्थी द्वारा एन0ई0पी के अन्तर्गत त्रिवर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम न्यूनतम 7.5 या उससे अधिक Cumulative grade point average (CGPA) से उत्तीर्ण की हो।

2– अभ्यर्थी द्वारा एन0ई0पी के अन्तर्गत त्रिवर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम में न्यूनतम 132 केडिट्स अर्जित किए हों।

3– ऐसे विद्यार्थी जो FYUP के अन्तर्गत स्नातक स्तर पर चतुर्थ वर्ष में प्रवेश हेतु उपरोक्तानुसार अर्हता धारित करते हों तथा प्रवेश हेतु इच्छुक हैं, उन्हें संबंधित परिसर/महाविद्यालय में विधिवत् निर्धारित समयावधि के अन्तर्गत आवेदन करना होगा।

5– FYUP के चतुर्थ वर्ष में प्रवेश निर्धारित सीटों पर पूर्णतः वरियता (मैरिट) के आधार पर अनुमन्य किये जायेंगे।

6– सम्बन्धित परिसर/महाविद्यालय को ऐसे विद्यार्थियों एवं पाठ्यक्रमों की सम्पूर्ण सूचना विश्वविद्यालय को विधिवत् निर्धारित समयावधि के अन्तर्गत उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

7– उपरोक्त समस्त प्रवेश हेतु उत्तराखण्ड शासन की आरक्षण नीति का पूर्ण रूप से पालन किया जाना अनिवार्य होगा।

8– FYUP के अन्तर्गत प्रवेश हेतु अर्हता एवं प्रवेश प्रकिया का निर्धारण एवं उनमें संशोधन यदि आवश्यक हो तो विश्वविद्यालय की वैधानिक समिति द्वारा निर्धारित किया जायेगा।

विश्वविद्यालय के परिसरों एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों से अपेक्षा की जाती है कि इस अधिसूचना में वर्णित प्राविधानों को विद्यार्थियों के मध्य व्यापक रूप से प्रचारित एवं प्रसारित करने का कष्ट करें।

कुलसचिव 7/8/25
कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।

संख्याः केयूआर0ओ0/2025-26/114, दिनांक 07–08–2025

प्रतिलिपि–

सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1– समस्त संकायाध्यक्ष, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।

2– समस्त प्राचार्य/निदेशक, सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।

कुलसचिव 7/8/25